ASCENSION SETON

<u>DELL CHILDREN’S MEDICAL CENTER OF CENTRAL TEXAS</u>
<u>ASCENSION SETON MEDICAL CENTER AUSTIN</u>
<u>ASCENSION SETON HAYS</u>
<u>ASCENSION SETON WILLIAMSON</u>
<u>ASCENSION SETON NORTHWEST</u>
<u>ASCENSION SETON SOUTHWEST</u>
<u>ASCENSION SETON EDGAR B. DAVIS</u>
<u>ASCENSION SETON HIGHLAND LAKES</u>
<u>ASCENSION SETON SMITHVILLE</u>
<u>DELL SETON MEDICAL CENTER AT THE UNIVERSITY OF TEXAS</u>
<u>CEDAR PARK REGIONAL MEDICAL CENTER</u>

वित्तीय सहायता नीति का सारांश

Ascension Seton, जिसमें उपरोक्त सूचीबद्ध स्वास्थ्य मंत्रालय शामिल हैं, प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा के प्रति प्रतिबद्ध है और उनका सम्मान करता है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो स्वास्थ्य सेवा तक पहुंचने में बाधाओं का सामना करते हैं। Ascension Seton पूरे समुदाय की सेवा के रूप में अपने स्वास्थ्य संसाधनों का प्रबंधन करने के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध है। इन सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए, Ascension Seton उन व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है जो Ascension Seton से आपातकालीन या अन्य चिकित्सकीय रूप से आवश्यक देखभाल प्राप्त करते हैं। यह सारांश Ascension Seton की वित्तीय सहायता नीति का संक्षिप्त अवलोकन प्रदान करता है।

कौन पात्र है?

यदि आप निम्नलिखित में से किसी स्थान में रहते हैं तो आप वित्तीय सहायता प्राप्त करते हैं 1.) सेंट्रल - ट्रेस काउंटी, 2.) दक्षिण - हेस और काल्डवेल काउंटी, 3.) उत्तर - विलियमसन काउंटी, 4.) पश्चिम - बर्नेट, ब्लैंको और ललानो काउंटी, और 5.) पूर्व - बस्ट्रोप, फ़ायलेट, गोंजालेस और ली काउंटी, और सैन सबा काउंटी। वित्तीय सहायता का निर्धारण आम तौर पर संघीय गरीबी के स्तर की तुलना आपकी कुल घरेलू आय से करके किया जाता है। यदि आपकी आय संघीय गरीबी स्तर के 250% से कम या इसके बराबर है, तो आपको उन शुल्कों के भाग पर 100% चैरिटी देखभाल राइट-ऑफ मिल सकता है, जिसके लिए आप जिम्मेदार हैं। अगर आपकी आय संघीय गरीबी के स्तर के 250% से अधिक है पर संघीय गरीबी के स्तर के 400% से अधिक नहीं है, तो आप को विसर्पी पैमाने (स्लाइडिंग स्केल) पर रियायती दरें प्राप्त हो सकती हैं। यदि आपातकालीन और चिकित्सीय रूप से आवश्यक देखभाल के लिए आपका चिकित्सीय कर्ज आपकी आय से अधिक है, तो आप छूट के पात्र हो सकते हैं। यदि आपकी संपत्ति आपकी संघीय गरीबी स्तर की आय राशि के 250% से अधिक है, तो आप वित्तीय सहायता के लिए पात्र नहीं होंगे। आपको सेवाओं के लिए एक छोटा सा फ्लैट शुल्क देना पड़ सकता है। जो मरीज़ वित्तीय सहायता के लिए पात्र हैं, उन्हें पात्र देखभाल के लिए सामान्यतः बीमा कवरेज वाले मरीज़ों को बिल की जाने वाली राशि से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा।

कौन सी सेवाएं शामिल हैं?

वित्तीय सहायता नीति आपातकाल और अन्य आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल पर लागू होती है। इन शर्तों को वित्तीय सहायता नीति में परिभाषित किया गया है। अन्य सभी सेवाएं वित्तीय सहायता नीति में शामिल नहीं हैं।

मैं कैसे आवेदन कर सकता/सकती हूँ?
वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने के लिए, आमतौर पर आपको एक लिखित आवेदन पूरा करना होगा और सहायक दस्तावेज़ प्रदान करने होंगे, जैसा कि वित्तीय सहायता नीति और वित्तीय सहायता नीति के आवेदन में वर्णित है।

वित्तीय सहायता नीति का आवेदन और वित्तीय सहायता नीति के आवेदन के निर्देश मरीज़ के अनुरोध पर सेवा के समय उपलब्ध किए जाएंगे।

यदि कोई मरीज़ सेवा के दिन के बाद वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करना चाहता है, तो वह Ascension Seton की वेबसाइट से सीधे वित्तीय सहायता नीति का आवेदन और आवेदन निर्देश प्राप्त कर सकता है और प्रिंट कर सकता है।

मरीज़ डाक के माध्यम से वित्तीय सहायता नीति का आवेदन और आवेदन निर्देश की एक प्रति भी प्राप्त करने का अनुरोध कर सकते हैं। डाक के माध्यम से दस्तावेज़ की प्रति प्राप्त करने के लिए, मरीज़ अस्पताल के मरीज़ वित्तीय सेवा विभाग को 512-324-1125 या Ascension Medical Group ग्राहक सेवा को 833-263-9789 पर कॉल करना चाहिए।

मुझे आवेदन करने में मदद कैसे मिल सकती है?
वित्तीय सहायता नीति के आवेदन में सहायता के लिए, आप मरीज़ वित्तीय सेवा विभाग से 512-324-1125 या 800-749-7624 पर फ़ोन के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। अनुरोध करने पर किसी भी प्रवेश क्षेत्र में अतिरिक्त सहायता भी उपलब्ध है।

मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?
वित्तीय सहायता नीति और वित्तीय सहायता नीति के आवेदन फ़ॉर्म की प्रतियाँ www.healthcare.ascension.org/Financial-Assistance/Texas पर उपलब्ध हैं। वित्तीय सहायता नीति और वित्तीय सहायता नीति के आवेदन की नि:शुल्क प्रतियां डाक के माध्यम से भी प्राप्त की जा सकती हैं। इसके लिए मरीज़ वित्तीय सेवा विभाग को 512-324-1125 पर कॉल करें। वित्तीय सहायता नीति के बारे में अतिरिक्त जानकारी किसी भी प्रवेश क्षेत्र में अनुरोध करने पर या 512-324-1125 या 800-749-7624 पर फोन के माध्यम से भी प्राप्त की जा सकती है।

अगर मैं पात्र नहीं हूँ तो क्या होगा?
अगर आप वित्तीय सहायता नीति के तहत वित्तीय सहायता के लिए पात्र नहीं हैं, तो आप अन्य प्रकार की सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया 512-324-1125 या 800-749-7624 पर फ़ोन के माध्यम से संपर्क करें।

वित्तीय सहायता नीति, वित्तीय सहायता नीति आवेदन और निर्देश, और सरल भाषा में इस सारांश के अनुवाद निम्न भाषाओं में हमारी वेबसाइट पर और अनुरोध किए जाने पर उपलब्ध है:

अंग्रेज़ी, स्पेनी, चीनी, वियतनामी, कोरियाई और अरबी।